No. of Printed Pages : 3

बी.एच.डी.एफ.-101

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

10476

जून, 2016

बी.एच.डी.एफ.-101 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे | *अधिकतम अंक : 50*

नोट : ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** शब्दों के दो-दो पर्याय लिखिए : *6*

   जल, पृथ्वी, प्रकाश, बादल, कमल ।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** शब्दों के संधि-विच्छेद कीजिए : *4*

   मताधिकार, स्वेच्छा, सूर्योदय, वागीश, उच्चारण ।

3. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए : *10*

   (क) अंधविश्वास : कारण एवं निवारण

   (ख) विकास और विस्थापन

   (ग) मेरी प्रिय पुस्तक

   (घ) भ्रष्टाचार : समस्या और समाधान

4. पानी के महत्त्व पर एक रोचक विज्ञापन तैयार कीजिए । 5

5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और इसके आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

निश्चय ही संयुक्त परिवार में कई गुण थे तो कुछ अवगुण भी थे । कम-से-कम स्त्रियों के मामले में तो वह न्यायशील नहीं था । हाँ, यह अवश्य था कि संयुक्त परिवार में सभी को एक तरह की सामाजिक सुरक्षा प्राप्त थी । परिवार के किसी भी सदस्य के साथ कोई दुर्घटना हो जाती थी तो उसके बीबी बच्चों को भूखों नहीं मरना पड़ता था । लेकिन लोगों के वैयक्तिक गुणों के विकास के अवसर ऐसे परिवारों में बहुत सीमित थे । लोगों को अपनी ऐसी इच्छाएँ त्यागनी पड़ती थीं जो परिवार की परंपरा और रिवाजों के अनुकूल नहीं मानी जाती थीं । वहाँ परिवार का ढाँचा सर्वोपरि था, व्यक्ति का स्थान नहीं ।

(क) संयुक्त परिवार का प्रमुख अवगुण क्या था ?

(ख) संयुक्त परिवार का प्रमुख गुण क्या था ?

(ग) सामाजिक सुरक्षा का क्या आशय है ?

(घ) संयुक्त परिवार में व्यक्ति का क्या स्थान था ?

6. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** का आशय लगभग 100 शब्दों में लिखिए : 5

(क) 'मज़ूरी हम करें, मज़ा दूसरे लूटें ।'

(ख) प्रणय छोड़कर प्राण धरे क्या ?
जले नहीं तो मरा करे क्या ?
क्या यह असफलता है ?
दोनों ओर प्रेम पलता है ।

7. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 – 200 शब्दों में लिखिए : *2×5=10*

(क) 'पूस की रात' कहानी का सार अपने शब्दों में लिखिए ।

(ख) 'वैष्णव की फिसलन' में वैष्णव का चरित्र किस तरह दिखायी पड़ता है ?

(ग) 'बहुत बड़ा सवाल' के शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए ।

(घ) 'जीने की कला' निबंध का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए ।